राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

रविंद्र रंगमंच बीकानेर में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र की सांस्कृतिक संध्या

राज्यपाल ने देखी स्थानीय लोक कलाकारों की सुमधुर प्रस्तुतियां

जयपुर, 29 जुलाई। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा शुक्रवार शाम को बीकानेर के रविंद्र रंगमंच पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय लोक कलाकारों की सुमधुर प्रस्तुतियां हुई। कार्यक्रम में कलाकारों ने मांड गायन, सूफी गायन, मशक वादन, घूमर, भवाई , डेरू और चंग नृत्य की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी ।

राज्यपाल श्री मिश्र ने राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र के साथ देर तक इन प्रस्तुतियों का आनंद लिया और कलाकारों को सराहा। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।